हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 25 जून 2024, समय 1305 (5 मिनट))

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने 1975 के आपातकाल का विरोध किया था। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि यह दिन याद दिलाता है कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट कर दिया और भारत के संविधान को कुचल दिया जिसका हर भारतीय बहुत सम्मान करते हैं।

....

18वीं लोकसभा के अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद ओम बिरला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन- एनडीए के उम्मीदवार होंगे। सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है।

सरकार ओम बिरला के नाम पर सहमति के लिए विपक्ष से संपर्क कर चुकी है। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और पीयूष गोयल ने कांग्रेस के नेता के.सी वेणुगोपाल और डीएम के नेता टीआर बालू के साथ बैठक की थी। सूत्रों के अनुसार सरकार और विपक्ष के साथ अभी तक सहमति नहीं बनी है। विपक्षी पार्टियां भी अध्यक्ष पद के लिए अपना उम्मीदवार उतार सकती हैं।

इस बीच, कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष, अध्यक्ष उम्मीदवार को अपना समर्थन देने के लिए तैयार है, लेकिन उपाध्यक्ष पद के लिए विपक्षी पार्टी का उम्मीदवार होना चाहिए। संसद परिसर में आज मीडिया को जानकारी देते हुए

श्री गांधी ने कहा कि राजनाथ सिंह ने मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। राजनाथ सिंह ने उन्हें अध्यक्ष को अपना समर्थन देने को कहा।

....

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी - एनटीए के माध्यम से परीक्षाओं के पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञों की उच्च-स्तरीय समिति की कल पहली बैठक हुई।

समिति के अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन ने नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए कहा कि समिति की प्राथमिकता छात्रों और अभिभावकों की चिंताओं और सुझावों को जानना है जिसके लिए उनसे बातचीत की जाएगी। उन्होंने कहा कि समिति छात्रों की कठिनाइयों और तनाव को कम करने के उद्देश्य से एक मजबूत प्रणाली विकसित करने पर भी विचार कर रही है।

सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति को दक्षता बढ़ाने, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार करने और एजेंसी की संरचना तथा कार्यप्रणाली की समीक्षा करने के लिए एनटीए की परीक्षा प्रक्रिया में सुधारों की सिफारिश करने का काम सौंपा गया है।

समिति मौजूदा प्रक्रियाओं का मूल्यांकन, सुधार के सुझाव और एनटीए में स्पष्ट भूमिकाओं तथा जिम्मेदारियों को परिभाषित करेगी। समिति मौजूदा शिकायत निवारण तंत्र का आकलन कर उसे मजबूत बनाने का प्रस्ताव करेगी। समिति दो महीने में शिक्षा मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

....

हरियाणा के विभिन्न जिलों में कल टी बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट परिणाम लाने वाली पंचायतों को सम्मानित किया गया ताकि और भी जन प्रतिनिधि इनसे प्रेरित होकर देश से टीबी को जड़ मूल से समाप्त करने में अपनी

बेहतर भूमिका अदा कर सके।। जींद में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा एंव सिविल सर्जन डाक्टर गोपाल गोयल ने संयुक्त रूप से टी बी से मुक्त होने वाली 19 पंचायतों को सम्मानित किया । इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में उपयुक्त ने सिविल सर्जन डाक्टर गोपाल गोयल की टीम द्वारा किए प्रयासों की प्रशंसा की । उपयुक्त ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि समूचें जिले को टीबी मुक्त किया जाए। उन्होने कहा कि इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों को अपनी सार्थक भूमिका अदा करनी होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी बीमारी को जड़मूल से समाप्त करने के लिए उपचार के साथ-साथ जागरूकता भी जरूरी है। ऐसे में टीबी को जड़मूल से समाप्त करने के लिए लोगों में उपचार के बारे में जागरूकता लानी होगी। इसमें ग्राम पंचायतों की अहम भूमिका होती है। इस अवसर पर सम्मानित होने वाले जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होने अपने गांव से टीबी को समाप्त किया ।

उधर कैथल जिले की 20 पंचायत टीबी मुक्त घोषित की गई हैं । कैथल के उपयुक्त प्रशांत पंवार ने कल इन ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को स्मृति चिह्न और प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक किए गए सर्वे के आधार पर इन ग्राम पंचायतों को यह दर्जा दिया गया है। उन्होंने सम्मानित होने वाली ग्राम पंचायतों से आह्वान किया कि वे इस टीबी मुक्त गांव के दर्जे को बरकरार रखें और साल 2025 तक देश से टीबी को खत्म करने में अपना शत प्रतिशत योगदान दें। उन्होंने जिला कैथल की सभी ग्राम पंचायतों को राष्ट्रीय कार्यक्रम टीबी मुक्त भारत में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का संदेश दिया। कैथल के जिन गांवों को टीबी मुक्त घोषित किया गया उनमें गांव मंझेड़ी, बुडनपुर गुजरान, छन्ना जाटान, हरनौला, जनेदपुर, सुल्तानिया करतारपुर, कसौली, खेड़ी दाबन, मेगामाजरा, फर्शमाजरा, डडवाना, धेरडू, भालंग, दुमाड़ा, कलासर, नरवलगढ़, सिल्ला खेड़ा, बदनारा, जठेड़ी तथा मुन्नारेहड़ी शामिल है।